K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
Assessment IV 2022-2023

GRADE: II **TIME: 2Hrs**
SUB: HINDI **MARKS: 40**
Name: ____

प्रश्न १) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए। [५ अंक]

वैभव सुबह-सुबह तैराकी करने घर से निकला। पैदल नदी के पास गया। तभी उसका पैर फिसला, गिरा धड़ाम । फिर बैडमिंटन खेलने मैदान में गया। जैसे ही बैडमिंटन घुमाया, हाथ से बैडमिंटन छूटकर ऊपर गया। फिर सीधे वैभव के सिर पर गिरा । फिर दुखी मन से वह घर वापस आया। पापा ने पूछा तब वैभव ने सारी बात बताई। तब उसके पापा ने उसे समझाया कि हार से डरना नहीं चाहिए। बार-बार मेहनत करनी चाहिए। वैभव ने ठान लिया कि अब वह फिर से मेहनत करेगा और सभी खेल खेलना सीखेगा।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।

१. वैभव क्या करने घर से निकला ? उत्तर: ____________________

२. वैभव के सिर पर क्या गिरा ? उत्तर: ____________________

ख) तभी उसका पैर फिसला, गिरा __________ । (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

ग) निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द गद्यांश से खोजकर लिखिए।

'जीत' उत्तर: ____________________

घ) निम्नलिखित शब्द का एकवचन गद्यांश से खोजकर लिखिए ।

'नदिया' उत्तर: ____________________

प्रश्न २) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए। [५ अंक]

किसी जंगल में एक सुनहरी चिड़िया रहती थी। उसके पंख सोने जैसे थे। जंगल के सारे पशु-पक्षी उसे बहुत प्यार करते थे। इस लाड-प्यार से वह चिड़िया बहुत घमंडी हो गई। इसी घमंड में डूबी वह एक दिन आकाश में बहुत ऊँची चली गई। उड़ते-उड़ते उसे इस बात का ध्यान ही नही रहा कि वह सूरज के एकदम पास आ गई है। उसका सारा शरीर जलने लगा। वह दर्द से रोने-चिल्लाने लगी। वह एक साधु की कुटिया के आगे आ गिरी। साधु ने उसे उठा लिया और उसकी खूब सेवा की। थोड़े दिनों में वह ठीक हो गई। पर उसका शरीर जलने से काला हो गया। चिड़िया को दुखी देखकर साधु ने उसे मधुर आवाज़ का आशीर्वाद दिया। अब सब उसे कोयल के नाम से जानने लगे।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।

१. चिड़िया के पंख कैसे थे ? उत्तर: ____________________

२. लाड़ प्यार से चिड़िया कैसे बन गई ? उत्तर:

ख) (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

१. वह __________ से रोने चिल्लाने लगी।

२. साधु ने उसे __________ आवाज़ का आशीर्वाद दिया।

ग) निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द गद्यांश से खोजकर लिखिए I

‘सुखी’ उत्तर: ______________________

प्रश्न ३) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। [३ अंक]

१. बत्ती - ______________________

२. ड़रना - ______________________

३. सड़क - ______________________

प्रश्न ४) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। [३ अंक]

१. कार – ______________________

२. मैदान - ______________________

३. हार - ______________________

प्रश्न ५) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। [३ अंक]

१. गाड़ी कौन से रंग की बत्ती पर रुक जाती हैं?

उत्तर: ______________________

२. वैभव ने सारी बात किसे बताई?

उत्तर: ______________________

३. नेहा को क्या याद आया?

उत्तर: ______________________

प्रश्न ६) सही शब्द बनाए: [३ अंक]

१. स + ह + े + ल + ी = ______________________

२. प + ै + र = ______________________

३. ह + ै + र + ा + न = ______________________

प्रश्न ७)अंग्रेजी शब्दों का हिंदी में अनुवाद कीजिए। [३ अंक]

१. Rule - ______________________ ३. Defeat - ______________________

२. Road - ______________________

व्याकरण विभाग

प्रश्न १) उचित पर्याय चुनकर रिक्त स्थानों में सर्वनाम लिखिए। [४ अंक]

(मैं, हम, आपका, वह)

१. __________ रोज प्रार्थना करते हैं।

२. __________ घर कहा है?

३. __________ रोज कसरत करता हैं।

४. __________ अपनी माँ को मदद करता हूं।

प्रश्न २) सही सर्वनाम शब्द चुनिए। [४ अंक]

१. ________ हमें पाठशाला दिखाई। (वह/उसने)

२. ________ बरगत का पेड़ है। (उस/यह)

३. ________ कल कहा गए थे? (आपका/तुम)

४. ________ अध्ययन ठीक चल रहा है। (हम/हमारा)

प्रश्न ३) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर गोला (O) लगाइए। [२अंक]

१. वह किस की किताब है?

२. गणेश मेरा दोस्त है।

लेखन विभाग

प्रश्न १)चित्र देखकर दिए गए अनुच्छेद के वाक्यों को सही पर्याय चुनकर पूर्ण कीजिए।(कोई १) [५ अंक]



<u>कमल</u>

(राष्ट्रीय, सुंदर, रंग, प्रतीक, खिलता)

कमल भारत ________ का फूल है।

यह सफेद और गुलाबी ________ के होते हैं।

कमल तालाब या कीचड़ में ही ________ है।

कमल एक बहुत ही ________ और पवित्र फूल है।

यह सुंदरता, शुद्धता एवं ज्ञान ________ का है।



<u>शेर</u>

(जानवर, गुफा, साहस, राजा, छरहरा)

शेर एक जंगली और मांसाहारी ________ है।

वह जंगल का ________ केहलाता है।

शेर ________ में रेहता है।

शेर का शरीर लम्बा और ________ होता है।

शेर ________ , बहादुरी और निडरता का प्रतीक माना जाता है।